# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जोबनेर, जयपुर

**पीठासीन अधिकारी देवेन्द्र सिंह चौहान आर०ए०एस**

मुकदमा नं० 168 / 2024

राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल जाति ब्राह्मण निवासी मिश्रो का मोहल्ला जोबनेर तह० जोबनेर हाल नि० 191, चांदविहारी नगर, खातीपुरा, जयपुर जि० जयपुर।

वादी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिये–तहसीलदार तहसील जोबनेर, जिला जयपुर।

प्रतिवादी

**वाद बाबत घोषणा खातेदारी नाम दुरूस्ती**

**<u>अंतर्गत धारा 88 रा०टी०ए०</u>**

उपस्थित :– 1. श्री रामावतार सिंह अधिवक्ता वादी
2. सरकार पैरोकार

दिनांक :– 21/05/2025

**निर्णय**

वादी द्वारा वाद बाबत घोषणा खातेदार एवं दुरूस्ती इन्द्राज इस आशय का पेश किया गया है कि अंतिम चौसाला आधार संवत 2076–2079 जमाबंदी 2078 (वर्ष 2022) से स्थायी के खाता नं० नया 236 पुराना 207 की आराजी ख०न० 2090 रकबा 0.7208 है० किस्म बारानी–1 कुल खसरे एक कुल रकबा 0.7208 है० वाके ग्राम डेहरा पटवार हल्का डेहरा भू०अभि०नि०क्षेत्र कालख तहसील जोबनेर जिला जयपुर मे स्थित है जिसकी खातेदारी राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है। खाता नं० नया 263 पुराना 243 मे वर्णित आराजी ख०न० 1705 रकबा 2.4405 है० किस्म बारानी–1 कुल खसरे 1 रकबा 2.4405 है० वाके ग्राम माच्छरखानी पटवार हल्का जोरपुरा जोबनेर भू०अभि०नि०क्षेत्र जोबनेर तहसील जोबनेर जिला जयपुर मे स्थित है जिसकी खातेदारी राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है।

खाता न० नया 236 पुराना 207 की आराजी ख०न० 2090 रकबा 0.7208 है० किस्म बारानी–1 वाके डेहरा एवं खाता न० नया 263 पुराना 243 मे वर्णित आराजी ख०न० 1705 रकबा 2.4405 है० किस्म बारानी–1 कुल खसरे 1 रकबा 2.4405 है० वाके ग्राम माच्छरखानी पटवार हल्का जोरपुरा जोबनेर मे स्थित है जो पक्षकारान की पुश्तैनी आराजीयात है, दोनो खातो की आराजीयात मे वादी 1/3 हिस्से का एवं रामस्वरूप पुत्र रामनारायण 1/3 हिस्से के एवं ओमप्रकाश पुत्र रामनारायण 1/3 हिस्से के रिकोर्डेड संयुक्त खातेदार काश्तकार है एवं काबिल काश्त चले आ रहे है।

उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर, जयपुर

वादी रामनारायण पुत्र बालाबक्स का पोत्र है।वादी के पिता को बचपन मे भंवरया–भंवरलाल नामो से पुकारा जाता था किन्तु नामकरण के समय हीरालाल नाम रखा गया जिसके अनुसार वादी के पिता को भंवरया–भंवरलाल हीरालाल तीनो नामो से पुकारा जाता रहा नामकरण के समय हीरालाल नाम रखा जाने से वादी को स्कुल मे भर्ती कराते समय राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल दर्ज कराया गया उसके बाद लगातार सम्पूर्ण शिक्षा रिकार्ड, आधार कार्ड, सर्विस रिकार्ड, सम्पति के नगरपालिका रेकार्ड मे एवं राशन कार्ड मे हीरालाल के परिवार मे राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल नाम दर्ज चला आ रहा है। वादी के पिता हीरालाल का दोराने ईलाज सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर मे दिनांक 25 फरवरी 1959 का स्वर्गवास हो चूका था जिसको दाह संस्कार हेतू डेड बोडी (लाश) मूल निवास स्थान जोबनेर लाई गयी, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र नगरपालिका जोबनेर के क्षरा कमांक 222/58–59 दिनांक 12/3/59 को जारी किया जिसमे हीरालाल पुत्र रामनारायण अंकित है जिससे स्पष्ट है कि वादी हीरालाल पुत्र रामनारायण का ही जायंदा पुत्र है वादी के पिता का वास्तविक नाम हीरालाल ही था।

रामनारायण पुत्र बालाबक्स की छोडी हुयी आराजी का फोती नामा0 खोलते समय राजस्व रेकार्ड मे राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल की बजाय वादी के पिताजी का बोलता नाम भंवरया–भंवरलाल पुकारने के कारण राजेन्द्रकुमार पुत्र भंवरलाल दर्ज कर दिया गया परन्तु वादी के सभी सरकारी दस्तावेज, आधार कार्ड, राशनकार्ड,सर्विसरेकार्ड, शिक्षा रेकार्ड, आदि मे राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल दर्ज होने से विवादग्रस्त आराजी मे वादी के दर्ज 1/3 हिस्से के संबंध मे मिलने वाली सुविधाओं एवं विकास आदि मे व्यवधान होता है एवं परेशानी होती है अतः उक्त खातो की आराजी के राजस्व रिकार्ड मे जो राजेन्द्र कुमार पुत्र भंवरलाल दर्ज है के स्थान पर राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल दुरूस्त किया जाकर वादी राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल हिस्सा 1/3 का खातेदार काश्तकार घोषित किया जाना आवश्यक है वादी ने इस संबंध मे दिनांक 18/11/2024 को पटवारी हल्का एवं तहसीलदारजी तहसील जोबनेर से सर्म्पक किया तो उन्होने सक्ष्म न्यायालय मे दुरूस्ती इन्द्राज कराकर अपने 1/3 की घोषणा कराने की हिदायत दी अतः यह वाद बाबत घोषणा खातेदारी दुरूस्ती इन्द्राजह विरूद्व प्रतिवादी पेश करना आवश्यक हुआ।

वादी का वाद विरूद्व प्रतिवादीगण डिक्री किया जाकर घोषणा इस अमर की फरमायी जावे कि आराजी खाता नया 236 पुराना 207 की आराजी ख0न0 2090 रकबा 0.7208 है0 किस्म बारानी–1 कुल खसरे 1 कुल रकबा 0.7208 है0 वाके ग्राम डेहरा पटवार हल्का डेहरा भू0अभि0नि0क्षेत्र कालख तहसील जोबनेर एवं खाता नं0

उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर, जयपुर

नया 263 पुराना 243 मे वर्णित आराजी ख0न0 1705 रकबा 2.4405 है0 किस्म बारानी–1 कुल खसरे 1 रकबा 2.4405 है0 वाके ग्राम माच्छरखानी पटवार हल्का जोरपुरा जोबनेर भू0अभि0नि0क्षेत्र जोबनेर तहसील जोबनेर जिला जयपुर मे मौजूदा दोनो खातो के राजस्व रेकार्ड मे दर्ज राजेन्द्र कुमार पुत्र भंवरलाल के दर्ज 1/3 हिस्से की बजाय वादी राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाकर राजस्व रिकार्ड मे उक्त दुरूस्ती इन्द्राज किये जाने की डिक्री सादिर फरमायी जावें।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादी की तलबी जरिए रजि0 एडी0 की गयी। प्रतिवादी द्वारा जवाब इस आशय का पेश किया गया है कि जमाबंदी संवत 2076–2079 खाता सं0 236 के ख0न0 2090 रकबा 0.7208 है0 भूमि खातेदार राजेन्द्र कुमार पुत्र भंवरलाल हि0 1/3 जाति ब्राहमण वगै0 के नाम दर्ज है। उक्त भूमि खातेदार राजेन्द्र कुमार पुत्र भंवरलाल को तत्कालिन राजस्व ग्राम जोबनेर के नामां0 सं0 190 (विरासत) द्वारा प्राप्त हुयी थी। जिसमे भी राजेन्द्र कुमार के पिता का नाम भंवरलाल ही दर्शाया गया है। राजेन्द्र कुमार के पिता का नाम भंवरलाल ग्रामजनो व परिवारजनों द्वारा आम बोलचाल की भाषा मे बोला जाने वाला नाम था उसको ही नामान्तकरण दर्ज करते समय राजस्व रिकार्ड मे अंकन किया गया। परन्तु राजेन्द्र कुमार द्वारा उपलब्ध करवाये गये पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस,आधार कार्ड,परिवार राशनकार्ड व हीरालाल का डेथ सर्टिफिकेट मे नाम भंवरलाल नहीं होकर हीरालाल है ।

अतः राजेन्द्र कुमार द्वारा साक्ष्य के रूप मे उपलब्ध करवाये गये पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, फाईनेंस आडी के आधार पर राजेन्द्र कुमार पुत्र भंवरलाल की बजाय राजेन्द्र कुमार पुत्र हीरालाल शुद्ध किया जाना उचित होगा।

बहस वकील वादी सुनी गई। वकील वादी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में दर्ज तथ्यों को दोहराया है। तथा वादी का वाद मुताबिक वादपत्र डिक्री फरमाने हेतु निवेदन किया।

हमने वकील वादी की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड, जबाब तहसीलदार एवं फर्द मौका रिपोर्ट का गहनता से अध्ययन किया। आराजी ख0न0 1705 रकबा 2.4405 है0 ग्राम डेहरा तह0 जोबनेर में स्थित है। जिसमें वादी का राजस्व रिकॉर्ड अनुसार हिस्सा दर्ज है। जिसमे वादी का नाम राजेन्द्रकुमार पुत्र भंवरलाल दर्ज है। जबकि अन्य दस्तावेज यथा आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस एवं निर्वाचन पहचान पत्र में वादी का नाम राजेन्द्रकुमार पुत्र हीरालाल दर्ज है। राजस्व रिकार्ड में गलत नाम दर्ज होने के कारण वादी को

उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर जयपुर